नरि्वाचन आयोग की राजनैतकि दलों के साथ बैठक

चर्चा में क्यों?

27 अगस्त, 2018 को नई दलि्ली में नरि्वाचन आयोग द्वारा आयोजति एक बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतकि दलों और राज्य के राजनैतकि दलों ने हस्सिा लयिा।

बैठक का उद्देश्य

- भारत की नरि्वाचन प्रणाली में राजनैतकि दल महत्त्वपूर्ण साझेदार हैं अतः नरि्वाचन आयोग समय-समय पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतकि दलों के साथ वचिार-वमिर्श करता रहता है ताकि महत्त्वपूर्ण वषियों पर उनके वचिार प्राप्त हो सकें।
- नरि्वाचन आयोग हमेशा से वर्तमान नरि्वाचन प्रणाली और अपनी कार्य पद्धति में सुधार करके देश की लोकतांत्रकि प्रणाली को मजबूत बनाने के कार्य में संलग्न रहता है।
- उल्लेखनीय है कि बैठक में पंजीकृत सभी 7 राष्ट्रीय राजनैतकि दलों और 34 राज्य स्तरीय पार्टियों ने हस्सिा लयिा।

बैठक की कार्य सूची में शामलि वषिय

- इस बैठक में नरि्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा और वधिानसभा चुनावों को देखते हुए मतदाता सूचयिों की वशिुद्धता, पारदर्शतिा में सुधार करने के उपायों के बारे में सभी राजनैतकि दलों के वचिार आमंत्रति कयि।
- राजनैतकि दलों में लगि प्रतनिधित्वि और तुलनात्मक अंतर्राष्ट्रीय अनुभव के संबंध में, नरि्वाचन आयोग ने सुझावों को भी आमंत्रति कयिा, जसिसे राजनैतकि दल अपने संगठनात्मक ढाँचे के भीतर महलिाओं का प्रतनिधित्वि बढ़ाने के उपाय कर सकें और साथ ही चुनाव लड़ने के लयि उम्मीदवार का चयन कयिा जा सके।
- चुनाव खर्च पर नयिंत्रण करने, वधिान परषिद के चुनावों के खर्च की सीमा तय करने और राजनैतकि दलों का खर्च सीमति करने के वषिय पर वचिार-वमिर्श कयिा गया।
- इसके अलावा वार्षकि लेखा रपिोर्ट, चुनाव खर्च रपिोर्ट समय पर देने के उपाय लागू करने के बारे में वचिार-वमिर्श भी इस कार्य सूची का हस्सिा था।
- जनप्रतनिधित्वि अधनियिम, 1951 के अनुच्छेद 126(1)(बी) के दायरे में चुनाव प्रचार बंद होने की अवधि में प्रटिं मीडयिा को शामलि करने सहति और मतदान समाप्त होने से पहले अंतमि 48 घंटों के दौरान सोशल मीडयिा पर पार्टी/उम्मीदवार की चुनावी संभावनाओं को बढ़ाने अथवा पूर्वाग्रह के लयि ऑनलाइन प्रचार के मुद्दे पर भी बैठक में वचिार कयिा गया।

चुनाव कराने के संबंध में महत्त्वपूर्ण वचिार

- प्रवासयिों और अनुपस्थति मतदाताओं के लयि मतदान के वैकल्पकि तरीके।
- इलेक्ट्रोनकिली ट्रांसमटिेड पोस्टल बेलोट ससि्टम (ईटीबीपीएस) ईटीबीपीएस योजना के संचालन के संबंध में राजनैतकि दलों के वचिार और फीडबैक।
- दवि्यांग मतदाताओं की मतदान में भागीदारी को प्रोत्साहति करने के प्रयासों के संबंध में राजनैतकि दलों के वचिार और फीडबैक पर भी बैठक में वचिार कयिा गया।
- मतदान में भागीदारी सहति पहुँच बढ़ाने और व्यापक आधार को प्रोत्साहति करने के आयोग के प्रयासों के संबंध में राजनैतकि दलों के वचिार एवं फीडबैक आमंत्रति कयि गए हैं।

स्रोत : पी.आई.बी